SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 30/10/2019

Q1. एनसीआरबी के वर्ष 2017 के आंकडे के मुताबिक हर रोज देश में बच्चो के खिलाफ कितने अपराध को अंजाम दिया जाता है?

क. 200 अपराध

ख. 275 अपराध

ग. 350 अपराध

घ. 500 अपराध

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के वर्ष 2017 के आंकडे के मुताबिक हर रोज देश में बच्चो के खिलाफ 350 अपराध को अंजाम दिया जाता है. इस रिपोर्ट

SarkariExam.Com

के मुताबिक, भारत के उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्य पहले स्थान पर है जहा पर सबसे अधिक मात्रा में रोजाना बच्चो के खिलाफ अपराध होते है.

Q2. निम्न में से किस वर्ष खोजे गए कीट का नाम पर्यावरण ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग के नाम पर रखा गया है?

क. 1965

ख. 1970

ग. 1972

घ. 1992

वर्ष 1965 में खोजे गए कीट का नाम पर्यावरण ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग के नाम पर रखा गया है. इस कीट का नाम नेलोपटोड्स ग्रेटी रखा गया है. एंटोमोलॉजिस्ट जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक, यह कीट की न तो आंख है और न ही पंख और यह 1 मिमी लंबा है.

Q3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने ठेका कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का फैसला किया है?

क. गुजरात सरकार

ख. पंजाब सरकार

ग. दिल्ली सरकार

घ. केरल सरकार

SarkariExam.Com

दिल्ली सरकार ने हाल ही में ठेका कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का फैसला किया है. जिसके करीब 50 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गरीबी और आर्थिक मंदी से निपटने के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई गयी है.

Q4. निम्न में से किस देश की महिला सांसद केटी हिल ने कर्मचारी के साथ संबंधों के आरोपों के बीच अपने पद से इस्तीफा दे दिया है?

क. अमेरिकी महिला सांसद

ख. जापानी महिला सांसद

ग. ऑस्ट्रलियाई महिला सांसद

घ. ब्राज़ील महिला सांसद

अमेरिकी महिला सांसद केटी हिल ने हाल ही में कर्मचारी के साथ संबंधों के आरोपों के बीच अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. लेकिन कैलिफोर्निया डेमोक्रेट ने आरोपों से इनकार कर दिया है. हालंकि हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव एथिक्स कमेटी ने ब्लॉग रेडस्टेट के आरोपों के बाद जांच शुरू की.

Q5. इनमे से कौन सी क्रिकेट टीम ने पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है?

क. होन्ग-कोंग

ख. आयरलैंड

ग. पापुआ न्यू गिनी

SarkariExam.Com

घ. स्कॉटलैंड

हाल ही में आयरलैंड और पपुआ न्यू गिनी ने वर्ष 2020 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है. साथ ही पपुआ न्यू गिनी ने पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है. पपुआ न्यू गिनी ने केन्या की टीम को मैच में 45 रन से हराकर पहली बार क्वालिफाई किया है.

Q6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में किस देश की 2 दिवसीय यात्रा पर गए है?

क. जापान

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रलिया

घ. सऊदी अरब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में सऊदी अरब की 2 दिवसीय यात्रा पर गए है वे अपनी इस यात्रा के दौरान पब्लिक इनवेस्टमेंट फंड की ओर से 29 से 31 अक्तूबर के बीच होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे.

Q7. 29 अक्टूबर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व आघात दिवस

ख. विश्व महिला सुरक्षा दिवस

ग. विश्व डाक दिवस

घ. विश्व समझोता दिवस

SarkariExam.Com

29 अक्टूबर को विश्वभर में वर्ल्ड स्ट्रोक डे (विश्व आघात दिवस) मनाया जाता है. पुरे वर्ल्ड में कोरोनरी धमनी रोग के बाद मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण ब्रेन स्ट्रोक है जो की स्थाई विकलांगता का भी एक सबसे प्रचलित कारण है.

Q8. बासेल ओपन टूर्नामेंट में लगातार 24वीं जीत दर्ज करते हुए किस खिलाडी ने 10वीं बार बासेल ओपन चैम्पियन का ख़िताब जीता है?

क. नोवाक जोकोविच

ख. राफेल नडाल

ग. रोजर फेडरर

घ. आंद्रे अगस्सी

बासेल ओपन टूर्नामेंट में लगातार 24वीं जीत दर्ज करते हुए स्विट्जरलैंड के स्टार खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 10वीं बार बासेल ओपन चैम्पियन का ख़िताब जीता है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनाएर को 6-2, 6-2 से हराकर 75वीं जीत दर्ज की है.

Q9. ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम, अर्जेंटीना के डिएगो स्वार्त्जमैन को हराकर कौन सी बार विएना ओपन के चैंपियन बने है?

क. पहली बार

ख. दूसरी बार

ग. तीसरी बार

घ. चौथी बार

SarkariExam.Com

ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम विएना ओपन के फाइनल में अर्जेंटीना के डिएगो स्वार्त्जमैन को 3–6, 6–4, 6–3 से हराकर पहली बार विएना ओपन के चैंपियन बने है और साथ ही वे इस सीजन में 5 टाइटल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए है.

Q10. पहली बार बीसीसीआई ने किस क्रिकेट बोर्ड को कोलकाता के ईडन गार्डन्स पर डे-नाइट टेस्ट खेलने का प्रस्ताव भेजा है?

क. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

ख. जापान क्रिकेट बोर्ड

ग. ऑस्ट्रलिया क्रिकेट बोर्ड

घ. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को कोलकाता के ईडन गार्डन्स पर डे-नाइट टेस्ट खेलने का प्रस्ताव भेजा है. अगर बीसीबी प्रस्ताव के लिए सहमत होता है तो ईडन गार्डन्स डे-नाइट टेस्ट का आयोजन करने वाला देश का पहला स्टेडियम होगा.

Q11. जस्टिस शरद अरविंद बोबडे को हाल ही में किसने मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने के लिए मंजूरी दे दी है?

क. नरेंद्र मोदी

ख. राजनाथ सिंह

ग. रामनाथ कोविंद

घ. रामविलास पासवान

SarkariExam.Com

जस्टिस शरद अरविंद बोबडे को हाल ही में रामनाथ कोविंद ने मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने के लिए मंजूरी दे दी है. अरविंद बोबडे 18 नवंबर को मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे. 63 वर्षीय जस्टिस बोबडे 23 अप्रैल 2021 को रिटायर होंगे.

Q12. हाल ही में किसके द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक, बेरोजगारी और सुस्त आर्थिक वृद्धि की वजह से खाड़ी के कई देशों में अशांति बढ़ रही है?

क. वर्ल्ड बैंक

ख. यूनेस्को

ग. अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष

घ. मुद्दिज

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के हाल ही में जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक, बेरोजगारी और सुस्त आर्थिक वृद्धि की वजह से खाड़ी के कई देशों में अशांति और सामाजिक तनाव बढ़ रहा है. अशांति की वजह से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र की वृद्धि दर प्रभावित हुई है.

Q13. निम्न में से किस देश की राजधानी बोगोटा में पहली निर्वाचित महिला महापौर बनी हैं?

क. इराक

ख. वियतनाम

ग. कोलंबिया

SarkariExam.Com

घ. ऑस्ट्रेलिया

कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में पहली निर्वाचित महिला महापौर बनी हैं. भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली क्लॉडिया लोपेज को राजधानी बोगोटा में पहली निर्वाचित महिला महापौर चुना गया है.

Q14. किस ई-कॉमर्स कंपनी को जुलाई-सितंबर तिमाही में 2.1 अरब डॉलर का मुनाफा हुआ है?

क. स्नेपडील

ख. अमेजन

ग. फ्लिप्कार्ट

घ. टाटा क्लिक

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को जुलाई-सितंबर तिमाही में 2.1 अरब डॉलर का मुनाफा हुआ है. जो की पिछले वर्ष के मुकाबले 28% कम है. वर्ष 2018 में इसी तिमाही में कंपनी को 2.9 अरब डॉलर का प्रॉफिट हुआ था. अमेजन ने इस वर्ष डिलीवरी में तेजी लाने के लिए भारी निवेश किया है.

Q15. विदेशी निवेशक ने देश के पूंजी बाजारों में किस महीने में 3,827.9 करोड़ रुपए निवेश किये है?

क. सितम्बर 2019

ख. अक्टूबर 2019

ग. जुलाई 2019

SarkariExam.Com

घ. जून 2019

विदेशी निवेशक ने देश के पूंजी बाजारों में अक्टूबर 2019 में अब तक 3,827.9 करोड़ रुपए का निवेश किया है. विदेशी निवेशक ने शेयर बाजार के साथ डेट (बॉन्ड) मार्केट में 58.4 करोड़ रुपए का निवेश किया है.

Q16. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किस आतंकी संगठन के सरगना अबू बकर अल-बगदादी के मारे जाने की घोषणा की है?

क. इस्लामिक स्टेट

ख. बोको हराम

ग. लश्कर-ए-तैयबा

घ. जेमाह इस्लामिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के सरगना अबू बकर अल-बगदादी के मारे जाने की घोषणा की है. उन्होंने कहा की अमेरिकी सेना के स्पेशल कमांडोज़ ने सीरियाई प्रान्त इदलिब के सुदूर गाँव में विशेष अभियान के तहत अबू बकर अल-बगदादी को मार गिराया.

Q17. 30 अक्टूबर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व मितव्ययिता दिवस

ख. विश्व मनी दिवस

ग. विश्व महिला दिवस

घ. विश्व बाल दिवस

SarkariExam.Com

30 अक्टूबर को विश्वभर में विश्व मितव्ययिता दिवस मनाया जाता है. इस दिवस को वर्ष 1924 में इटली के मिलान में पहली बार मनाया गया था. आज का दिन यह दिवस दुनियाभर में बचत को प्रोत्साहन देने के लिए मनाया जाता है.

Q18. यूरोपीय संघ के सदस्य देश ब्रेक्जिट की समय सीमा कितने महीने बढ़ाकर 31 जनवरी 2020 तक करने के लिए सहमत हो गए हैं?

क. 2 महीने

ख. 3 महीने

ग. 5 महीने

घ. 8 महीने

यूरोपीय संघ के सदस्य देश ब्रेक्जिट की समय सीमा 3 महीने 31 जनवरी 2020 तक करने के लिए सहमत हो गए हैं. काफी समय से ब्रिटेन में इसकी समयसीमा को बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी.

Q19. निम्न में से किस देश की सरकार ने करतारपुर साहिब गुरुद्वारे की यात्रा को गैर भारतीय सिख श्रद्धालुओं को पर्यटक वीजा देने की घोषणा की है?

क. भारत सरकार

ख. पाकिस्तान सरकार

ग. जापान सरकार

घ. ऑस्ट्रलिया सरकार

SarkariExam.Com

पाकिस्तान सरकार ने हाल ही में करतारपुर साहिब गुरुद्वारे की यात्रा को गैर भारतीय सिख श्रद्धालुओं को पर्यटक वीजा देने की घोषणा की है. साथ ही गैर भारतीय सिख यात्रियों से अब से 20 डॉलर का सर्विस भी नहीं लिया जाएगा+

Q20. इनमे से किस देश के राष्ट्रपति सेबस्टियन पिनेरा ने करीब एक सप्ताह से लागू आपातकाल को हटाने की घोषणा की है?

क. ऑस्ट्रलिया

ख. चिली

ग. इराक

घ. इंडोनेशिया

चिली के राष्ट्रपति सेबस्टियन पिनेरा ने हाल ही में करीब एक सप्ताह से लागू आपातकाल को हटाने की घोषणा की है. इस घोषणा के बाद भी देश में विरोध-प्रदर्शन जारी है और 2 दिन पहले लाखों लोग आर्थिक और राजनीतिक बदलाव की मांगों को लेकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे थे.

SarkariExam.Com